an>

Title : Need to formulate a scheme for development of agriculture-based industry, dairy, horticulture sector and small scale industries in Banswara Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा) ः मैं सरकार का ध्यान बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। जहाँ पर प्राकृतिक संसाधनों के बाहुल्य के बावजूद अत्यधिक गरीबी है। यहाँ अधिकतर लोगों के पास स्थायी सम्पत्ति नहीं है तथा लोग अत्यंत गरीबी में जीवन-यापन कर रहे हैं। क्षेत्र में किसी भी तरह का उद्योग नहीं है तथा कृषि उत्पादों की स्थिति भी निराशाजनक है।

मेरा माननीय कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री से अनुरोध है कि क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों, डेयरी, बागवानी को स्थापित करने हेतु विशेष योजना का सृजन करें। माननीय उद्योग मंत्री से भी निवेदन करना चाहता हूं कि कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित कर इस क्षेत्र में उद्योग स्थापना में सहायता करने की कृपा करें। इसके अतिरिक्त सरकार इस क्षेत्र के संसाधनों पर आधारित अन्य योजना क्रियान्वित करने की रणनीति बनाएं, ताकि क्षेत्र के लोगों के जन-जीवन के स्तर को सुधारा जा सके एवं समावेशी आर्थिक विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारा जा सके।